लाइसेंसिंग, सभी के लिए सुरक्षित रेंटल्स बनाना

रेजिडेंशियल रेंटल लाइसेंसिंग

जानने योग्य बातें...

अगर आप निवासी, प्रॉपर्टी मालिक या किराएदार के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं, तो हमारे शहर में जीवन की गुणवत्ता को कायम रखने में मदद मिलती है।

रेजिडेंशियल रेंटल लाइसेंसिंग पायलट प्रोग्राम (Residential Rental Licensing) (RRL) पायलट प्रोग्राम में बदलावों को मंजूरी दी है, जो 28 मार्च, 2024 से लागू है, इनका उद्देश्य रेंटल प्रॉपर्टी स्टैंडर्ड्स में वृद्धि करना और निवासियों की सुरक्षा और भलाई को सुनिश्चित करना है। दो-वर्षीय पायलट प्रोग्राम को, शुरू में ब्रैम्पटन के पांच (5) ‘केंद्रीय’ वार्डों पर केंद्रित किया गया है, जहां ऐतिहासिक रूप से ज्यादातर उल्लंघन हुए थे। प्रोग्राम के भविष्य हेतु सूचित फैसले लेने के लिए, अगले दो वर्षों में पायलट प्रोग्राम का मुआयना किया जाएगा।



Hindi

BRAMPTON

किसके लिए रेजिडेंशियल लाइसेंस प्राप्त करना जरूरी है?

- **रेंटल प्रॉपर्टीज, जो दो-वर्षीया पायलट प्रोग्राम के दौरान वार्डों 1, 3, 4, 5 और 7 में ऑपरेट होती हैं**
- वे प्रॉपर्टीज, जिसमें चार (4) या कम यूनिटें किराए पर दी जाती हैं
- रेंटल हाउसिंग यूनिटों के मालिक
- रेंटल हाउसिंग यूनिटों के ऑपरेटर
- रेंटल हाउसिंग यूनिट के तौर पर प्रयोग की जा रही या ऐसे प्रयोग के उद्देश्य के लिए ड्वेलिंग यूनिटें

इंटेलिजेंस-संचालित जांचें क्या हैं?

एन्फोर्समेंट और सिटी के अन्य विभाग, शहर के अंदर ऑपरेट होने वाली सभी रेंटल यूनिटों की समीक्षा करने के लिए इकट्ठे मिलकर काम करेंगे और निर्धारित करेंगे कि उन यूनिटों की जांच करना कब सही रहेगा, जो शायद असुरक्षित तरीके से या मौजूदा म्युनिसिपल बाइ-लॉज के विरुद्ध ऑपरेट हो रही हैं।

पार्किंग

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, सिटी की स्ट्रीट्स पर पार्किंग परमिट नहीं देती।

पार्किंग की अनुमति नहीं है:

- किसी भी स्ट्रीट पर सुबह 2 बजे और 6 बजे के बीच
- किसी भी स्ट्रीट पर 3 घंटों से अधिक
- रिहायशी स्ट्रीट पर, यदि आपके वाहन की ऊंचाई 2.6 मी. से अधिक है और/अथवा लंबा 6.7 मी. से अधिक है, किसी भी अटैचमेंट्स या ट्रेलरों सहित

पार्किंग संबंधी आम अपराधों की सूची, **brampton.ca**/EN/residents/Parking पर देखें

कूड़ा उठाने संबंधी जानकारी

रीजन ऑफ पील (Region of Peel), निवासियों और कारोबारों के लिए कूड़ा उठाने के साधन प्रदान करती है। कूड़ा उठाने संबंधी जानकारी के लिए, **peelregion.ca**/waste पर जाएं

आर.आर.एल. (RRL) प्रोग्राम और फार्मों के बारे में अधिक विवरणों के लिए, **brampton.ca**/rrl पर जाएं

क्या आपके कोई सवाल या चिंताएं हैं?

311 पर फोन करें